

# कन्नौद में 99 जोड़ों का सामूहिक विवाह

- बिना पानी के चले कूलर
- गर्म हवा से दूल्हा-दुल्हन परेशान हुए

**देवास।** कन्नौद जनपद पंचायत की ओर से कुसमानिया में बुधवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 99 जोड़ों का सामूहिक विवाह हुआ। प्रशासन का लक्ष्य 100 जोड़ों का था, लेकिन एक जोड़े के न पहुंच पाने के कारण यह संख्या 99 रही। इस समारोह की खास बात यह थी कि यहां सर्वधर्म सद्भाव देखने को मिला।

आयोजन में 16 मुस्लिम जोड़ों का निकाह पढ़ाया गया। वहीं 51 जोड़ों ने आदिवासी परंपरा के अनुसार विवाह किया। इसके अलावा, 32 जोड़ों की शादी हिंदू रीति-रिवाज से पंडित ब्रजेश अग्निहोत्री ने संपन्न करवाई। शादी के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो के जरिए जुड़कर सभी नए जोड़ों को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री नारायण कुशवाह भी खुद पहुंचे और उन्होंने जोड़ों को सहायता राशि के कागज सौंपे। विधायक आशीष शर्मा की एक भावुक अपील पर लोगों ने मौके पर ही 51 हजार रुपए दान दिए, जिसे सभी 99 जोड़ों में बराबर-बराबर बांट दिया गया। आयोजन के बीच कुछ अव्यवस्थाएं भी देखने को मिलीं। मंच संचालन को लेकर बार-बार हो रहे बदलाव से जब काम बिगड़ने लगा, तो विधायक आशीष शर्मा को खुद आगे आकर संचालन संभालना पड़ा। इसके अलावा, रस्में पूरी होने के बाद भी दूल्हा-दुल्हन और उनके घरवालों को करीब डेढ़ घंटे तक नेताओं के भाषण खत्म होने का इंतजार करना पड़ा।



### गर्मी और पानी ने किया परेशान

भीषण गर्मी को देखते हुए मैदान में बड़े-बड़े कूलर तो लगाए गए थे, लेकिन उनमें पानी न होने के कारण वे सिर्फ गरम हवा ही फेंक रहे थे।

इससे शादी में आए मेहमानों और परिजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि, जनपद पंचायत की ओर से लोगों के लिए खाने के पैकेट और पीने के ठंडे पानी का इंतजाम किया गया था।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर भाजपा नेता-डॉक्टर में बहस

- नवीनीकरण को लेकर हुआ विवाद, परिवार को जांच के लिए इंदौर भेजा

**देवास।** जिला अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण को लेकर एक परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। मामले में भाजपा नेता राजेश यादव के हस्तक्षेप के बाद डॉक्टरों और उनके बीच तीखी बहस हो गई।

जानकारी अनुसार, रेवाबाग क्षेत्र निवासी राजेश भीमोदिया अपनी बेटी सलोनी भीमोदिया के साथ जिला अस्पताल पहुंचे थे। सलोनी की दाहिनी आंख डैमेज है और उसके पास पहले से 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र था, जिसका नवीनीकरण कराया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल टीम ने उन्हें इंदौर जाने की सलाह देते हुए कहा कि यहां प्रमाण पत्र नहीं बन पाएगा। परिवार ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कहते हुए पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर ही नया प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की।



### भाजपा नेता बोले- पुराना प्रमाण पत्र यहीं से बना...

मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राजेश यादव जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिवार की समस्या अधिकारियों के सामने रखी और डॉक्टरों से पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर नया प्रमाण पत्र बनाने का आग्रह किया। इसी दौरान राजेश यादव और एक डॉक्टर के बीच बहस हो गई। यादव ने पुराना दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिखाते हुए कहा कि यह प्रमाण पत्र इसी जिला अस्पताल से जारी हुआ है और इस पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी हैं, फिर इसे मानने से इनकार क्यों किया जा रहा है। विवाद के बाद डॉक्टरों की टीम ने बालिका की जांच की। इसके बाद उसके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

# आराधना रायकवार ने संभाला थाना प्रभारी का पद

**कांटाफोड़।** कांटाफोड़ थाना में नई थाना प्रभारी के रूप में आराधना रायकवार ने पदभार ग्रहण कर जिम्मेदारी संभाल ली है। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने को अपनी प्राथमिकता बताया।

थाना प्रभारी आराधना रायकवार ने कहा कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, चोरी, सट्टा, शराब एवं असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा एवं संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन के सहयोग से बेहतर व्यवस्था कायम करने का प्रयास करेगी।



पदभार ग्रहण के बाद नगर के पत्रकारों ने थाना पहुंचकर थाना प्रभारी आराधना रायकवार से सौजन्य मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शलभ गौरानी, मनीष शर्मा, जैकी भाटिया, आशीष तिवारी, प्रिंस भाटिया, भरत जोशी, मनीष मालवीय एवं दीपक धारीवाल मौजूद रहे। पत्रकारों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए निष्पक्ष और प्रभावी कार्यशैली की उम्मीद जताई।

नई थाना प्रभारी के आगमन से नगरवासियों में बेहतर पुलिस व्यवस्था को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिल रहा है।

# गैस संचालित शव दाह सेवा गृह एक वर्ष के लिए नि :शुल्क : महापौर

**देवास।** शहर के मुख्य मुक्तिधाम पर नगर निगम द्वारा संचालित गैस शव दाह सेवा गृह 1 वर्ष के लिए निशुल्क किए जाने का प्रस्ताव मेयर इन काउंसिल से स्वीकृति हेतु महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल को ई-फाईल के माध्यम से भेजा गया।

महापौर ने प्रकरण को एमआईसी की पुष्टि की प्रत्याशा में ई-फाईल के माध्यम से दी स्वीकृति। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा कार्यालयीन कार्य ई-फाईल के माध्यम से संपादित कराए जा रहे हैं। महापौर कार्यालय में जाने वाले प्रकरण महापौर के द्वारा ई-फाईल के माध्यम से किए जा रहे है। ज्ञात हो कि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने गैस संचालित शव दाह सेवा गृह को आमजन को आर्थिक राहत मिले इस हेतु गैस शव दाह सेवा का उपयोग 1 वर्ष के लिए नि-शुल्क करने हेतु गत सप्ताह प्रस्ताव दिए जाने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन मे महापौर ने स्वीकृति प्रदान की। महापौर ने बताया कि इस गैस शव दाह सेवा गृह को निशुल्क करने से अर्थिक राहत के साथ पर्यावरण में लकड़ी और कण्डे से होने वाले वायु प्रदुषण में कमी आएगी। लोगों पर आर्थिक भार भी कम होगा। आधुनिक प्रणाली को बढावा मिलेगा एवं पर्यावरण संरक्षण मे जन जागरूकता मे वृद्धि होगी। गैस शव दाह सेवा को नि:शुल्क करने से जो व्यय होगा उसे निगम वहन करेगी।

## एक नजर में

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह में 100 जोड़े बधें दांपत्य सूत्र में

**बागली।** बुधवार को जटाशंकर तीर्थ क्षेत्र में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बागली विधायक सहित कई साधु संत सम्मिलित रहे सभी नवविवाहित जोड़ों को अपनी ओर से उपहार भेंट किए तथा उनके सुखमय, समृद्ध एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन हेतु आत्मीय बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस पावन अवसर पर जटाशंकर तीर्थ के पूज्य संत श्री बद्रीदास जी महाराज, पातालपुरी वाले पूज्य बाबा श्री अमृतदास जी महाराज, वाग्योग चेतना पीठम के कनिष्ठ द्विवेदी गुरूजी एवं पूज्य मदनदास जी महाराज के शुभ सानिध्य में कार्यक्रम गरिमामय रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जटाशंकर मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव एवं पार्टी के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बागली विधायक मुरली भंवरा ने सभी वर वधुओं को आशीर्वाद देते हुए बताया कि संतो के आशीर्वाद से और भगवान जटाशंकर के आशीर्वाद से सभी का सफल वैवाहिक जीवन प्रारंभ हो रहा है। निश्चित रूप से सभी खुशहाल जीवन व्यतीत करेंगे इसी दौरान बागली विधायक मुरली भंवरा ने भी भावुक क्षण में खुशी-खुशी कर दो विदा की रानी बेटी याद करेगी पंक्तियां सुन कर बेटियों को आशीर्वाद दिया।



### शिशु स्वस्थ होगा तो देश रहेगा स्वस्थ...



**देवास।** 13 मई 2026 को जामनहार आंगनवाड़ी केंद्र में सनफार्मा हेल्थकेयर सोसाइटी द्वारा स्वस्थ शिशु आदर्श माता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. नीरजा सुनवानी द्वारा क्षेत्र की गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही क्षेत्र के बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयों का भी मुफ्त वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती एवं धात्री महिलाएं तथा कुपोषित बच्चों की माताएं उपस्थित रहीं। शिविर के मुख्य अतिथि डॉ. श्याम यादव रहे। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बबीता परमार ने जिले में संचालित विशेष किलकारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के कमजोर एवं कुपोषित बच्चों को अमलतास हॉस्पिटल में भर्ती कराने हेतु लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सहायिका सोनू जाधव के साथ मनीषा योगी, सतीश कराड़िया एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट में ई-रिक्शा ड्राइवर की मौत



**देवास।** माता टेकरी सीढ़ी मार्ग के समीप हुए सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इस हादसे में तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा चालक निखिल लोधी की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो युवतियां घायल हो गईं। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मारी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा सड़क पर करीब 15 फीट तक घिसटता चला गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल चालक निखिल को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया गया, लेकिन बाद में फिर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बुधवार को निखिल का पोस्टमार्टम किया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# स्वागत के दौरान हादसा, हाटपीपल्या में कार्यक्रम का टूटा मंच

**देवास।** जिले के हाटपीपल्या में मंगलवार को भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह के स्वागत कार्यक्रम के दौरान मंच टूट गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

जानकारी अनुसार, स्वागत कार्यक्रम के लिए अस्थायी मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम के दौरान मंच पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों की संख्या क्षमता से अधिक हो गई, जिससे मंच अचानक टूट गया। हादसे के समय टिकेंद्र प्रताप सिंह भी मंच पर मौजूद थे और उनका स्वागत किया जा रहा था। मंच टूटते ही कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। टिकेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को देवास स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पदभार ग्रहण किया था। इसके बाद वे क्षेत्रीय दौरे पर निकले थे, जहां जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे

### किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



**भौंरासा।** नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का भाजपा जिला कार्यालय पर पदभार ग्रहण करने जाते समय मंगलवार को नेवरी फाटे पर भाजपा किसान मोर्चा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह का पदभार ग्रहण एवं स्वागत समारोह का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने देवास जाते समय उनका जगह-जगह स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, मंडल महामंत्री मुकेश कुमावत, विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल उपाध्यक्ष देवी सिंह मगरिया, मंडल उपाध्यक्ष हिम्मत ठाकुर, अश्विन जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर ,यशवंत सिंह राजपूत,भीम यादव, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, राहुल धाकड़, बबलू ठाकुर, जितेंद्र सेंधव, रामचरण धाकड़, कन्या लाला यादव, उकार सिंह यादव, केलास यादव, नरेंद्र यादव, पप्पी यादव, नीरमल गुर्जर, प्रकाश बडवाया,भीम सिंह आचार्य,कृपाल सिंह बेस आदि मौजूद रहे।

# सीजी ट्यूटोरियल्स के 36 छात्रों ने प्राप्त किए 80 प्रतिशत से अधिक अंक

**देवास।** शहर में सीबीएसई कक्षा 12 वीं के परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित हुए लगातार श्रेष्ठ परिणाम देने वाली शिक्षण संस्था में कक्षा 10 वी एवं 12वी मे कुल 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए एवं 36 विद्यार्थियों ने 80 से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इस संस्था की यही खासियत है कि यहाँ सिर्फ दो चार नही अनेक विद्यार्थी करतें हैं श्रेष्ठ प्रदर्शन।

सीबीएसई कक्षा 12 वीं में तनिष्का शुक्ला 90, अलिफिया नागदावाला 88.4 , गिरीश गहलोत 87.8, प्रियम मोदी 84, एंजेल सक्सेना 80,अंजुम अंसारी 79, भूमिका मंडावरा 78 अंक प्राप्त किए। कक्षा 10 वी मैं नैतिक करमले 97.2 ,देवांश कुमार 97,विदुषी तिवारी 97,लावण्या खाटवा 96.4, प्रज्वल मेघदू 94.6, समृद्धि बिंदल 93.8,गौरांश व्यास 93, कृतिका दुबे 93, आराध्या चौधरी 91.8,तनिष्का नागर 91.4,अलफैज खान 90.2,पूरब मालवीय 90,देवेंश डोडिया 87.6,अभिनय कुशवाह 87,अवनी चौहान 86.2,चित्रांश कुशवाह 86,शुभ अखंड 84,विदित सिंह राजपूत 83.8, लक्षिता त्रिवेदी 83.2,शुभ बंसल 83, अभ्युदय मालवीय 82.6, आदित्य सोलंकी 82,किशी सोनी 80,अभय ओझा 80 . सीजी ट्यूटोरियल के एम पी बोर्ड के विद्यार्थियों ने भी परीक्षा में बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये। अपूर्वा जोशी 90 , मोहम्मद शान 86, वंशिका मालवीय 84, ललित राठौर 82, अंकित माली 80, अरमान पटेल 80,सुनीता भालके 80 ने अंक प्राप्त किए। । सी जी ट्यूटोरियल्स के कुल 36 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए। सीजी के संचालक आशीष गुप्ता ने बताया कि कक्षा के 75 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किये। संस्था का लक्ष्य कक्षा के सभी विद्यार्थियों का बेहतर परीक्षा परिणाम देना है।



# जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

**देवास।** जिले के लोहारदा क्षेत्र के आहीडी गांव में 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे अस्पताल लेकर निकले, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, आहीडी गांव निवासी ज्योति भूसारिया (16) बुधवार सुबह करीब 8 बजे घर के पास स्थित खेत पर गई थी। बताया जा रहा है कि वहीं उसने जहर खा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन उसे बाइक से करीब 10 किलोमीटर दूर कांटाफोड़ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए देवास जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही ज्योति ने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में पैनल टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान तहसीलदार सपना शर्मा भी मौके पर पहुंचीं और पंचनामा कार्रवाई पूरी कराई।किशोरी के पिता राम अवतार ने बताया कि बुधवार सुबह परिवार के सभी लोगों ने साथ में चाय पी थी।

### अस्ताया ने वरिष्ठजनों का आभार माना



**देवास।** जिला अनुसूचित जाति विभाग के प्रभारी बनेसिंह अस्ताया ने अपनी नियुक्ति पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी , प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

**एक नजर में** — कांटाफोड़ पुलिस ने चंद घंटों की कार्रवाई में ही लिया गिरफ्त में

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, शादी का झांसा देकर बनाए थे संबंध

**देवास।** जिले में फरार और गंभीर अपराधों के आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात के तहत कांटाफोड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, ग्राम लोहारदा निवासी 21 वर्षीय धर्मेंद्र पिता सुरेश सिराठिया पर शादी का झांसा देकर एक युवती से दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन और एसडीओपी बागली संजय सिंह बेस के मार्गदर्शन में आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश जारी किए गए थे। इसके बाद, थाना प्रभारी कांटाफोड़ के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की सहायता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपी को कन्नौद न्यायालय में पेश किया गया। कोर्ट मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आराधना रायकवार, सहायक उपनिरीक्षक सुबेदार सिंह यादव, प्रधान आरक्षक सुनील गोफनिया, सुरेश चरपोटा और आरक्षक संजय सिंह राजावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

